नाबार्ड अनुसंधान इन्टर्नशिप योजना (एनआरआईएस)

उद्देश्यः

इस योजना का उद्देश्य इच्छुक अनुसंधानकर्ताओं के माध्यम से नाबार्ड के कार्यों से जुडे क्षेत्रों में प्राथमिक और द्विवतीयक आंकड़ों का उपयोग करते हुए उनसे प्रोजेक्ट/ आध्ययन करवाना है.

निमय व शर्तें :-

1. भूमिका- विवरण

अनुसंधानकर्ता का दायित्व;

i. नाबार्ड द्वारा चिह्नित क्षेत्रों में अनुसंधान/ सर्वेक्षण करना
ii. विभिन्न अध्ययनों/ अनुसंधान सर्वेक्षण के अधिकारी/ अधिकारियों के दल के साथ सहयोग और सहायता करना
iii. अपेक्षित विश्लेषण, सांख्यिकीय और अर्थमिति टूल्स के माध्यम से आंकड़ों के संग्रहण, समर्थन और समेकन में सहायता करना
iv. दस्तावेज अनुसंधान और रिपोर्ट्स/ आलेख तैयार करना

2. शैक्षणिक योग्यता

i. अर्थशास्त्र, कृषि अर्थशास्त्र, कृषि प्रौद्योगिकी, कृषि में सूचना प्रौद्योगिकी, प्रबंधन, वित्त आदि में विशेषज्ञता के साथ मान्यता प्राप्त भारतीय विश्वविद्यालयों और संस्थानो से पीएचडी और स्नातकोत्तर डिग्रीधारक.
ii. उम्मीदवार उपरोक्त मानदंड पूरा करने के उपरांत सबैटिकल पर भी योजना मे शामिल हो सकते हैं.

3. आयु-सीमाः

आवेदकों की आयु 40 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए.

4. कार्य अनुभव

कार्य का पूर्व अनुभव कोई पूर्व अपेक्षा नहीं है. तथापि, आवेदकों को निम्नानुसार दो व्यक्तियों से संदर्भ पत्र प्रस्तुत करना चाहिएः

i. जिस कॉलेज/ संस्थान/विश्वविद्यालय से संबद्धित है / रहे है के किसी संकाय (फैकल्टी) सदस्य से,

ii. किसी अनुसंधान संस्थान/ विश्वविद्यालय से सम्बद्ध किसी प्रतिष्ठित अनुसंधानकर्ता से.

संदर्भ पत्र में आवेदक की अनुसंधान क्षमता पर विशेष टिप्पणी दी जानी चाहिए. *सामान्य संदर्भ पत्र को कोई वेटेज नहीं दिया जाएगा.*

5. चयन प्रक्रिया

i. वित्तीय वर्ष में एक बार इम्पैनलमेंट के लिए चयन किया जाएगा.

ii. सीवी, रेफरेंसेस, स्टेटमेंट ऑफ परपस और पब्लिकेशन के आधार पर शॉर्टलिस्टेड उम्मीदवारों को नाबार्ड के अध्यक्ष द्वारा गठित समिति द्वारा व्यक्तिगत साक्षात्कार के लिए बुलाया जाएगा.

iii. नाबार्ड की चयन समिति का निर्णय अंतिम होगा.

iv. चयनित उम्मीदवारों का पैनल चयन की तिथि से एक वर्ष के लिए वैध होगा और नाबार्ड की आवश्यकता के अनुसार उम्मीदवारों को वर्ष के दौरान कभी भी बुलाया जा सकता है.

v. जो आवेदन पूर्ण रूप से भरे नहीं गए हों और पात्रता मानदण्डों को पूरा नहीं करने वाले उम्मीदवारों के आवदनों को किसी भी चरण में अस्वीकार किया जा सकता है.

vi. आवदेन ईमेल / डाक द्वारा भेजे जाएँ।

vii. आवेदन भेजने की अंतिम तिथि **04 फ़रवरी 2019** हैं।

6. सीटों की संख्या

किसी भी समय उम्मीदवारों की अधिकतम संख्या 10 होगी.

7. प्लेसमेंट

i. उम्मीदवारों को मुंबई स्थित नाबार्ड के प्रधान कार्यालय के आर्थिक विश्लेषण और अनुसंधान विभाग (डियर) में रखा जाएगा. लेकिन, कार्य की आवश्यकता के अनुसार उन्हें देश के किसी भी भाग में आना - जाना पड़ सकता है.

ii. उम्मीदवार नाबार्ड द्वारा चिह्नित मेंटर को रिपोर्ट करेंगे.

8. अवधि

इस इन्टर्नशिप की अवधि इसके आरंभ होने की तिथि से न्यूनतम 06 महीने और अधिकतम 24 महीने की होगी.

9. छात्रवृत्ति(स्टाइपेन्ड) और अन्य सुविधाएं

क्र. सं.	**विवरण**	**स्नातकोत्तर उम्मीदवारों के लिए (राशि रु. में)**	**डॉक्टरेट उम्मीदवारों के लिए (राशि रु. में)**
1	छात्रवृत्ति (स्टाइपेन्ड)	40,000 प्रति माह	50,000 प्रति माह
2	फील्ड विजिट के दौरान बोर्डिंग आदि के लिए जेब खर्च आदि	1000 प्रति दिन	1500 प्रति दिन
3	किसी दूसरे शहर / स्थान पर जाने की स्थिति में वहां होटल/ गेस्ट हाउस आदि में ठहरने के लिए **वास्तविक आधार पर** व्यय का भुगतान किया जाएगा, लेकिन इसकी अधिकतम सीमा अनुमोदन अनुसार होगी.	2000 प्रति दिन	2500 प्रति दिन
4	प्रधान कार्यालय/ विजिट के स्थान पर आने-जाने का व्यय	वास्तविक आधार पर	वास्तविक आधार पर
5	किसी दूसरे शहर / स्थान पर आने-जाने संबंधी यात्रा व्यय	वास्तविक आधार पर (एसी-II/III टियर/ चेयर कार)	

10. आवास

यद्यपि आवास मिलने की कोई गारंटी नहीं है. लेकिन, उपलब्ध होने की स्थिति में नीति के अनुसार नाबार्ड स्टाफ क्वार्टर्स में किराये पर आवास आबंटित किया जा सकता है.

11. इन्टर्नशिप का समापन

इस इन्टर्नशिप को एक माह का नोटिस देकर और बिना कोई कारण बताए समाप्त करने का अधिकार नाबार्ड के पास सुरक्षित है.

12. नियुक्ति का अधिकार नहीं होगा

अपने इन्टर्नशिप की बदौलत किसी इन्टर्न को नाबार्ड में नियुक्ति का अधिकार/ दावा नहीं होगा.

13. आशोधन/ संशोधन

नाबार्ड को इस योजना में किसी भी समय आशोधन और/ या संशोधन करने का अधिकार होगा और उम्मीदवारों (इन्टर्न्स) को इस प्रकार के आशोधनों और/ या संशोधनों का अनुसरण करना होगा.

....

पत्राचार का पताः

मुख्य महाप्रबंधक
आर्थिक विश्लेषण और अनुसंधान विभाग (डियर)
राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड)
चौथी मंजिल, 'सी' विंग
बान्द्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स (बीकेसी)
बान्द्रा (पूर्व), मुंबई – 400 051
ईमेलः dear@nabard.org

....